# रणजीत टाइम्स

इंदौर

गुरुवार, 22 अक्टूबर, 2026

वर्ष 02 | अंक 249 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# लोकतंत्र को सुरक्षित और सशक्त बनाने में पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण

## सीएम डॉ. यादव बोले-सशस्त्र बलों का शस्त्र धारण करना समाज और राष्ट्र की रक्षा का संकल्प है

### मुख्यमंत्री ने कहा-हमारे बहादुर जवानों ने देश में सबसे पहले प्रदेश को नक्सलवाद से मुक्त किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस स्मृति दिवस पर देश की आंतरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले पुलिस कर्मियों को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा लाल परेड स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में आयोजित राज्य स्तरीय श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्मारक को सलामी दी तथा पुष्प-चक्र अर्पित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यक्रम स्थल आगमन पर परेड द्वारा जनरल सैल्यूट से उनका अभिवादन किया गया तथा बैंड द्वारा सलामी धुन का वादन किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पाल-बेयरर पार्टी द्वारा सम्मान सूचिका प्रस्तुत की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में बेयरर पार्टी द्वारा सम्मान सूची का स्मारक कोष में संस्थापन किया गया, स्मारक को सलामी दी गई तथा बिगुलर द्वारा लास्ट पोस्ट धुन बजाई गई। समस्त उपस्थित महानुभाव ने खड़े हो कर सम्मान प्रकट किया।



इसके बाद परेड द्वारा स्मारक को सलामी दी गई। इस अवसर पर भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तथा सेवानिवृत्त अधिकारी उपस्थित थे।

### आंतरिक सुरक्षा के लिए पुलिस बल का समर्पण सभी के लिए प्रेरणास्रोत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुलिस और सशस्त्र बलों का हमेशा विशेष महत्व रहा है। हमारी सनातन संस्कृति में शस्त्र धारण करने का अर्थ केवल शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लेना है। इस दृष्टि से पुलिस स्मृति दिवस का यह अवसर और भी अधिक सार्थक हो जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र की सुरक्षा, शांति और सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने में हमारे पुलिस बल और सशस्त्र बलों की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। लाल चौक से लेकर लाल किले की प्राचीर तक लहराता तिरंगा आज पूरे देश और दुनिया के सामने भारत के स्वाभिमान, सामर्थ्य और गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। यह ध्वज हमारे वीर जवानों, उनके अदम्य साहस और अमर बलिदान की गाथा को भी अभिव्यक्त करता है।

### प्रदेश 35 वर्ष पुराने नक्सलवाद के दंश से बाहर निकला

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश 35 वर्ष पुराने नक्सलवाद के दंश से बाहर निकला है। हमारे बहादुर जवानों ने मुश्किल परिस्थितियों का सामना कर नक्सलवाद की चुनौती का समूल नाश किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मध्यप्रदेश देश में सबसे पहले नक्सलवाद से मुक्त हुआ है। यह हमारे लिए गौरव और गर्व की बात है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने पुलिस जवानों और उनके परिवार के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। जवानों की शहादत के बाद दी जाने वाली 1 करोड़ रुपये राशि में से 50 प्रतिशत पत्नी और 50 प्रतिशत बुजुर्ग माता-पिता को देने का निर्णय किया गया। पुलिस विभाग में नई भर्ती, पदोन्नति और सभी प्रकार की सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है। मध्यप्रदेश पुलिस ने अपने परिश्रम और समर्पण से राज्य की साख बढ़ाई है। केंद्र सरकार ने नए आपराधिक कानूनों को लागू किया है। प्रदेश में इनके अनुसार व्यवस्थाएं तैयार कर ली गई हैं।

## अब दिल्ली में भी बनेगा साबरमती जैसा रिवरफ्रंट

### यमुना किनारे 52 किमी लंबा कॉरिडोर होगा विकसित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट बनाने वाली कंपनी अब दिल्ली में यमुना किनारे रिवरफ्रंट विकसित करने में मदद करेगी। दिल्ली सरकार इसकी जिम्मेदारी साबरमती रिवरफ्रंट डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन को सौंपने की तैयारी कर रही है। जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के मुताबिक, कंपनी के साथ समझौता ज्ञापन की फाइल आगे बढ़ा दी गई है। परियोजना दो चरणों में पूरी होगी। पहला पल्ला से वजीराबाद और दूसरा वजीराबाद से कालिंदी कुंज तक होगा। कैबिनेट मंत्री के अनुसार साबरमती नदी के किनारे रिवरफ्रंट डेवलप करने की जिम्मेदारी अहमदाबाद नगर निगम ने उठाई थी। निगम ने इस के लिए एक स्पेशल पर्पज व्हीकल बनाई और उसका नाम दिया साबरमती रिवरफ्रंट डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड।

# 2029 तक पूरे देश को बनाएंगे नशामुक्त

- शाह बोले-कश्मीर, नॉर्थ-ईस्ट और नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा के सामने लंबे समय से चली आ रही तीन बड़ी चुनौतियों- कश्मीर, नॉर्थ-ईस्ट और नक्सलवाद से प्रभावित इलाकों में अब शांति है। उन्होंने इन क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की कार्रवाई और प्रयासों की सराहना की। शाह ने नशे के खिलाफ देशव्यापी अभियान चलाने की



अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 दिसंबर 2029 तक भारत को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए पुलिस बलों को मिलकर काम करना होगा।

### नशे से देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान

शाह ने कहा कि नशे का कारोबार आने वाली पीढ़ियों को खोखला कर रहा है। इससे अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है और देशविरोधी संगठनों को आर्थिक मदद मिलती है। गृह मंत्री ने नक्सलवाद के खिलाफ अभियान में सीएएफ और सीआरपीएफ बटालियनों के योगदान की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने छत्तीसगढ़ पुलिस के साहस, धैर्य और लगातार किए गए प्रयासों की भी तारीफ की। अब तक ड्यूटी के दौरान 36,852 पुलिसकर्मी जान गंवा चुके हैं।

## जुमे की बजाय अब रविवार को रहेगा अवकाश

- उत्तराखंड में मदरसों के लिए बन गया नया नियम

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड में मदरसों को अब शुक्रवार की जगह रविवार को साप्ताहिक अवकाश रहेगा। शिक्षा विभाग से मान्यता लेने वाले स्कूलों की तरह मदरसों को अब जुमे की बजाय रविवार को बंद रखा जाएगा। शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त और मान्यता के लिए आवेदन करने वाले 206 मदरसों पर ये नियम लागू रहेगा। राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण ने इस संबंध में शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण की ओर से कहा गया है कि शिक्षा



विभाग से मान्यता प्राप्त करने या मान्यता के लिए आवेदन करने वाले मदरसों को विभागीय मानकों और निर्धारित शैक्षिक व्यवस्था का पालन करना होगा। इसी क्रम में शुक्रवार की छुट्टी की व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है। अब इन मदरसों में अन्य विद्यालयों की तरह निर्धारित साप्ताहिक अवकाश व्यवस्था लागू होगी। उन मदरसों को भी ये नियम फॉलो करना होगा जो शिक्षा विभाग से मान्यता लेने की प्रक्रिया में हैं। प्राधिकरण का कहना है कि इसका उद्देश्य मदरसा शिक्षा को निर्धारित शैक्षिक मानकों के अनुरूप लाते हुए विद्यार्थियों को मुख्यधारा की शिक्षा व्यवस्था से जोड़ना है। प्रदेश में 76 मदरसों को शिक्षा विभाग से मान्यता मिल चुकी है। इसमें हरिद्वार के 270 में से 44, ऊधमसिंह नगर के 119 में से 24, देहरादून के 41 में से छह, नैनीताल के 18 में से दो मदरसों को शिक्षा विभाग की ओर से मान्यता दी जा चुकी है।

# वेनेजुएला की 'गंध' कैसे होगी साफ, बताएगा भारत

- अंबानी की जामनगर रिफाइनरी से सीखेगा अमेरिका, रुबियो का दौरा शुरू



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो बुधवार को गुजरात स्थित जामनगर में दुनिया के सबसे बड़े रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स के दौरे पर हैं। इस दौरान वे रिलायंस के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी से भी मिलने वाले हैं। बताया जा रहा है कि मार्को रुबियो रिलायंस के साथ वेनेजुएला का कच्चा तेल रिफाइन करने पर बातचीत करने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज अमेरिका के टेक्सास में एक ऑइल रिफाइनरी में बड़ा निवेश करने की तैयारी में है, जो 50 साल में अमेरिका में बनने वाली पहली रिफाइनरी होगी। खास बात यह है कि जामनगर रिफाइनरी भी वेनेजुएला से आया हुआ कच्चा तेल भी साफ करती है, जो बेहद खराब क्रूड ऑयल माना जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रिलायंस इंडस्ट्रीज अमेरिका के टेक्सास में एक ऑइल रिफाइनरी में बड़ा निवेश करने की तैयारी में है, जो 50 साल में अमेरिका में बनने वाली पहली रिफाइनरी होगी।

### रूबियो का जामनगर दौरा 3 वजहों से अहम

अमेरिका में डीजल की कीमतें 6 डॉलर प्रति गैलन के पार हैं, यानी करीब 155 रुपए प्रति लीटर। इसके चलते ट्रक ड्राइवर, किसान और माल ढुलाई कारोबारी परेशान हैं। ट्रम्प सरकार चाहती है कि 3 नवंबर को होने वाले मिड टर्म इलेक्शन से पहले अमेरिका में पर्याप्त डीजल सप्लाई हो सके। इसलिए अमेरिका रूस से डीजल खरीद रहा है। रिलायंस भी सस्ती कीमतों में कच्चा तेल रिफाइन करके अमेरिका को पेट्रोल-डीजल बेच सकता है, जिससे अमेरिका फ्यूल क्राइसिस से बच सके। जनवरी में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार करने के बाद से अमेरिकी सरकार ही विदेशों में वेनेजुएला का तेल बेच रही है।

रिलायंस वेनेजुएला के सबसे बड़े तेल खरीदारों में से एक है। ग्लोबल ट्रेड इंटेलिजेंस फर्म के मुताबिक, सितंबर में भारत ने वेनेजुएला से रोजाना 2.57 लाख बैरल तेल मंगाया। इसका 76 फीसदी हिस्सा रिलायंस ने खरीदा। अमेरिका चाहता है कि रिलायंस वेनेजुएला से और ज्यादा तेल खरीदे। क्योंकि अमेरिका कई बार कह चुका है कि भारत वेनेजुएला से तेल खरीदे। हालांकि सरकारी तेल कंपनियों ने ऐसा नहीं किया।

रिलायंस अमेरिका के टेक्सास राज्य में एक नई रिफाइनरी खोल रही है, जो 50 साल में अमेरिका में बनने वाली पहली रिफाइनरी होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मार्च 2026 में इसे 300 अरब डॉलर का सौदा बताया था। अमेरिका चाहता है कि ये निवेश जल्द से जल्द हो। रिलायंस के मुताबिक, जामनगर रिफाइनरी एक ही जगह पर बनी दुनिया की सबसे बड़ी और आधुनिक रिफाइनरी है। यहां हर दिन 14 लाख बैरल कच्चे तेल को प्रोसेस करने की क्षमता है।

# पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

पुलिस स्मृति दिवस पर डिंडोरी पुलिस ने वीर शहीदों को किया नमन, 154 शहीद पुलिसकर्मियों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि कर्तव्यपथ पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिस वीरों की स्मृति में पुलिस लाइन डिंडोरी में आयोजित हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को शाल-श्रीफल भेंटकर किया सम्मानित, पुलिस स्कॉट द्वारा श्रद्धांजलि दी गई





डिंडौरी। पुलिस लाइन डिण्डौरी में 21 अक्टूबर 2026 बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश की आंतरिक सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीद पुलिसकर्मियों एवं सुरक्षा बलों के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शहीद जवानों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे, कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, पुलिस अधीक्षक श्री आशीष खरे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रुद्रेश परस्ते एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, डिंडोरी एसडीएम श्री रामबाबू देवांगन सहित जनप्रतिनिधि तथा जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने शहीद जवानों की स्मृति में रीथ अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके बलिदान को नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री आशीष खरे ने 01 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक कर्तव्यपालन के दौरान वीरगति प्राप्त करने वाले 154 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नामों का वाचन किया। इनमें मध्यप्रदेश के 09 तथा अन्य राज्यों के 145 पुलिसकर्मी शामिल हैं। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन रखकर वीर शहीदों को नमन किया तथा उनके सर्वोच्च बलिदान के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। क्यों मनाया जाता है पुलिस स्मृति दिवस- उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में चीनी सशस्त्र टुकड़ी द्वारा किए गए हमले में देश के 10 वीर पुलिस जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इन वीर जवानों की स्मृति तथा कर्तव्यपालन के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले समस्त पुलिसकर्मियों के सम्मान में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। यह दिवस देश की सुरक्षा एवं नागरिकों की रक्षा के लिए पुलिसकर्मियों के त्याग, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का स्मरण कराता है। पुलिस स्मृति परेड दल का नेतृत्व कंपनी कमांडर श्री गोकुल मरावी परेड सेकेंड कमांड सूबे कुंवर सिंह ओलड़ी ने किया। इस दौरान पुलिस स्क्वॉड ने भी वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके सर्वोच्च बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में कर्तव्यपालन के दौरान पूर्व में शहीद हुए पुलिसकर्मियों के परिजनों को शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन ने पुष्प अर्पित कर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद जवानों के त्याग, वीरता और कर्तव्य के प्रति समर्पण को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया गया। देश की सुरक्षा, शांति एवं नागरिकों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका साहस और समर्पण पुलिस बल के प्रत्येक जवान को कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# शराब के नशे में शिक्षक का वीडियो वायरल होने के मामले में माध्यमिक शिक्षक निलंबित

**कलेक्टर के निर्देशानुसार शासकीय आचरण एवं पदीय दायित्वों में लापरवाही के मामले में कार्यवाही**



डिंडौरी। शासकीय सांदीपनि विद्यालय करंजिया (मोहतरा) में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक श्री दशरथ लाल झारिया को कार्य व्यवहार में अनियमितता, पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही तथा शैक्षणिक कार्यों का स्तर गुणवत्ताहीन पाए जाने संबंधी प्रतिवेदन के आधार पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राचार्य, शासकीय सांदीपनि विद्यालय करंजिया (मोहतरा) द्वारा 19 अक्टूबर 2026 को प्रस्तुत प्रतिवेदन में शिक्षक के कार्य व्यवहार एवं शैक्षणिक गतिविधियों में अनियमितताओं का उल्लेख किया गया है। प्रतिवेदन के अनुसार, सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो क्लिप में शराब के नशे में दिखाई दे रहे व्यक्ति को उक्त विद्यालय में पदस्थ शिक्षक बताया गया है। इस मामले को शासकीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं लोकसेवक के अशोभनीय आचरण से संबंधित मानते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम 1, 2 एवं 3 के उल्लंघन का उल्लेख किया गया है। प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर श्री दशरथ लाल झारिया को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, करंजिया निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

# प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष विजय दशमी पर हल्दुल बाबा पर निशान चढ़ाया गया

**वीरेंद्र चौहान रणजीत टाइम्स**

हरदा-बेलदार समाज दारा विजय दसवीं पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सिराली में हल्दुल बाबा निशान चढ़ाया गया। यात्रा शेषनारायण लूनिया के यहां से प्रारंभ हुई जो पुरानी बस स्टैंड से होते हुए मुख्य चौराहा से होते हुए नाच गाने के साथ हल्दुल बाबा पर निशान चढ़ायाकर यात्रा समाप्त हुई। वीरेंद्र चौहान ने बताया कि हर साल बड़े धूमधाम से हल्दुल बाबा पर निशान चढ़ाया जाता है।जिसमें समाज के महिला पुरुष बस बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते है।इस दौरान हल्दुल बाबा की जय के जयकारे से साथ भक्ति भाव व नाच गाने के साथ भव्य यात्रा निकली जाती है।समाज में हमेशा सुख समृद्धि ओर



प्रगति करे यही कामना की।इस दौरान हल्दुल बाबा समिति के अध्यक्ष शयाम लूनिया , उमाशंकर, श्रीकिशन चौहान अशोक लूनिया वकील साहब मदन लूनिया, शेषनारायण लूनिया, घनश्याम लूनिया,चंपालाल लूनिया,रामभरोस लूनिया,संजय लूनिया,रामदास लूनिया,मुकेश लूनिया, रामकृष्ण लूनिया आदि आप पास के क्षेत्रों के सामाजिक बंधुओ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में विभिन्न विषयों की समीक्षा

**शिवम प्रजापति**

डिंडौरी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में विभिन्न प्रशासनिक विषयों, कानून-व्यवस्था, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की समीक्षा की गई। कॉन्फ्रेंस के दौरान त्योहारों एवं मेलों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों, मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान तथा सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के निराकरण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। कॉन्फ्रेंस में त्योहारों के दौरान पटाखों की थोक एवं फुटकर दुकानों के वैध लाइसेंस सुनिश्चित करने, सुरक्षा मानकों का पालन कराने तथा खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई पर जोर दिया गया। इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन



में सर्वाधिक लंबित शिकायतों वाले विभागों की स्थिति की समीक्षा, शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण, स्वामित्व योजना की प्रगति तथा सामान्य से अधिक एवं कम वर्षा वाले क्षेत्रों की स्थिति पर चर्चा की गई। मौसम परिवर्तन के कारण होने वाली बीमारियों की रोकथाम, वर्षा ऋतु के बाद निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के संबंध में भी समीक्षा की गई। आगामी 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के आयोजन तथा गोपाल कृष्ण गोखले ग्राम पुरस्कार योजना से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई। कॉन्फ्रेंस के दौरान स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजना के तहत 10 से कम रजिस्ट्रियां कराने वाले पटवारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। कॉन्फ्रेंस में डिंडौरी जिले से कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, पुलिस अधीक्षक श्री आशीष खरे, अपर कलेक्टर श्री जे.पी. यादव, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी श्री रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर श्री अक्षय डिगरसे एवं सुश्री प्रियांशी जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

रणजीत टाइम्स



## परवाज़-ए-हुनर: हुनर को पहचान, महिलाओं को उड़ान

# इंदौर मध्यप्रदेश, फैशन डिज़ाइनर आसिफ़ शाह हर साल पांच छात्राओं की फीस देंगे, पाकीजा ग्रुप के इक़बाल गौरी, पार्षद फौजिया शेख अलीम और उद्योगपति साबिर खान ने भी बढ़ाया हौसला

**सह संपादक अनिल चौधरी**

इंदौर। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके हुनर को मंच देने के उद्देश्य से AIZEE Fashion Academy ने मन्नत गार्डन, ग्रीन पार्क, धार रोड पर "परवाज़-ए-हुनर" कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि मशहूर फैशन डिज़ाइनर आसिफ़ शाह रहे, जबकि पाकीजा ग्रुप के इक़बाल गौरी, पार्षद फौजिया शेख अलीम, उद्योगपति साबिर खान और प्रधान संपादक शादाब खान, वरिष्ठ पत्रकार समीर खान व संपादक वाजिद अली कुरैशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अकादमी के डायरेक्टर मुजाहिद इस्लाम और फाउंडर एवं फैशन डिज़ाइनर शाइन खान ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया




और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत "रंग-ए-हिना 2.0" मेहंदी प्रतियोगिता से हुई। इसके बाद Student Brand Launch Pad के तहत छात्राओं ने अपने हुनर और ब्रांड प्रस्तुत किए। महिला उद्यमियों, बुटीक संचालिकाओं और होम-बेस्ड बिजनेस से जुड़ी महिलाओं ने भी अपने उत्पाद प्रदर्शित किए।

आसिफ़ शाह ने अकादमी के प्रयासों की सराहना करते हुए हर साल पांच छात्राओं की फीस देने और फैशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सहयोग का संकल्प लिया। उन्होंने छात्राओं को प्रदेश, देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। इक़बाल गौरी और पार्षद फौजिया शेख अलीम ने भी छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें हुनर निखारने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, व्यावसायिक शिक्षा और स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में प्रेरणादायी पहल साबित हुआ।

# इंदौर में जिला बदर बदमाश हारून उर्फ हसन रंगीला गिरफ्तार, रावजी बाजार पुलिस की कार्रवाई

**खुशबू श्रीवास्तव**

## छह महीने के लिए इंदौर सहित पांच जिलों की सीमा से बाहर रहने का था आदेश, उल्लंघन पर नया मामला दर्ज



इंदौर। रावजी बाजार थाना पुलिस ने जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने के आरोप में आदतन अपराधी हारून उर्फ हसन रंगीला को पकड़ा है। आरोपी को छह महीने तक इंदौर शहर सहित उज्जैन, देवास, धार और खरगोन जिले की सीमाओं से बाहर रहने का आदेश दिया गया था। इसके बावजूद आरोपी के इंदौर में मौजूद होने की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, हारून उर्फ हसन रंगीला (45), निवासी 35 चंपाबाग, इंदौर के खिलाफ रावजी बाजार सहित शहर के अन्य थानों में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसकी आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए पुलिस आयुक्त न्यायालय द्वारा 23 सितंबर 2026 को जिला बदर निष्कासन आदेश जारी किया गया था। इसी दिन रावजी बाजार पुलिस ने आदेश की तामील कराते हुए उसे निर्धारित अवधि तक संबंधित जिलों की सीमा से बाहर रहने की हिदायत दी थी।

### सूचना पर घर पहुंची पुलिस टीम

21 अक्टूबर को रावजी बाजार पुलिस को सूचना मिली कि जिला बदर आरोपी चंपाबाग स्थित अपने घर के पास नाले के किनारे बनी दुकान पर मौजूद है। वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना से अवगत कराने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां आरोपी मौजूद मिला। जिला बदर आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस ने उसे अभिरक्षा में लिया।

### भागने की कोशिश में हाथ में लगी चोट

पुलिस के मुताबिक, कार्रवाई के दौरान आरोपी ने पुलिस से बचकर भागने की कोशिश की। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। इस दौरान गिरने से उसके दाएं हाथ के पंजे में चोट आई, जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। रावजी बाजार थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 310/26 के तहत मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 में मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# इंदौर में हुआ जीवित माँ पूजन महोत्सव

## मातृ सम्मान और भाईचारे का दिया संदेश





**सद्गुरु स्वामी श्री अरुणानंद जी महाराज साहेब के सान्निध्य में हुआ आयोजन, बच्चों ने किया माताओं का पूजन**

**इंदौर (खुशबू श्रीवास्तव)**। नवरात्रि के पश्चात बासी दशहरे के पावन अवसर पर एक तू ही जयगुरूदेव के तत्वावधान में जीवित माँ पूजन महोत्सव का भव्य आयोजन प्रीतमलाल दुआ सभा गृह, इंदौर में किया गया। सद्गुरु स्वामी श्री अरुणानंद जी महाराज साहेब के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में मातृ सम्मान, पारिवारिक संस्कार, प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को यह प्रेरणा देना था कि माता-पिता का सम्मान और उनकी सेवा ही जीवन के सबसे महत्वपूर्ण संस्कारों में से एक है। सद्गुरु स्वामी श्री अरुणानंद जी महाराज साहेब ने जीवित माँ के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि माँ का सम्मान ही सच्ची पूजा है। उन्होंने लोगों को अपनी माताओं के प्रति प्रेम, श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। महोत्सव के दौरान विभिन्न माताओं को आमंत्रित किया गया। उनके बच्चों ने अपनी माताओं का पूजन कर उन्हें उपहार भेंट किए। वहीं, संस्था की ओर से गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों के माध्यम से भी माताओं का सम्मान किया गया। इस दौरान माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए परिवारों में प्रेम, एकता और भाईचारा बनाए रखने का संदेश दिया गया।

गणमान्य अतिथियों ने किया माताओं का सम्मान-कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री श्री दिलीप राजपाल एवं सर्व धर्म अध्यक्ष मंजूर बैग, रियाज़ खान,शफीक बाबा वारसी, परदेसीपुरा थाना सब इंस्पेक्टर दुर्गा सूर्यवंशी, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती रंजना बघेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। अतिथियों ने माताओं का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा इस पहल की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जीवित माँ के सम्मान, सेवा और आशीर्वाद के लिए समय निकालना चाहिए। माँ को सम्मान देना, उनकी जरूरतों का ध्यान रखना और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना नई पीढ़ी में अच्छे संस्कार विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

देशभर में जीवित माँ पूजन की पहल का आह्वान-आयोजन के माध्यम से संदेश दिया गया कि जीवित माँ का पूजन केवल धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह परिवार और समाज को जोड़ने वाली एक प्रेरणादायी पहल है। जब बच्चे अपने माता-पिता का सम्मान करते हैं, तो परिवार में आपसी प्रेम बढ़ता है और समाज में सद्भाव एवं भाईचारे की भावना मजबूत होती है। संस्था की ओर से देशभर में इस प्रकार के आयोजन करने की प्रेरणा दी गई।

# सभी प्रकार की भक्ति में श्रेष्ठ है गुरुमुख से निकली अमृतवाणी का अनुसरण

मूल ध्यान गुरू रूप है, मूल पूजा गुरू पाँव |
मूल नाम गुरू वचन है, मूल सत्य सतभाव॥

'संत कबीर'- 'सहजयोग' बात करता है ध्यान की, 'निर्विचार समाधी'' की। आज के विज्ञान युग कहे जानेवाले इस कलियुग में 'योग', 'ध्यान' , 'आत्मसाक्षात्कार', 'निर्विचार समाधी' या 'कुंडलिनी जागरण' ये सारी बातें आपको कपोल-कल्पित लग सकती हैं। कुंडलिनी जागरण के बारे में अनेक किंवदंतियां समाज में फैली हुई हैं। परंतु भगवद्गीता कहती है, 'श्रध्दावान लभते ज्ञानम्' अर्थात् जिस किसीके हृदय में अपनी आत्मा के प्रति श्रध्दा होगी उसे ही आत्मज्ञान प्राप्त होगा। संत कबीर कहते हैं,ध्यान का मूल गुरू का ध्यान है, पूजा का मूल गुरू चरणों की पूजा है, गुरू के अमृतवचन सभी प्रकार के नामजपों से श्रेष्ठ हैं और यदि साधक को आत्मसाक्षात्कार, या सत्य का साक्षात्कार पाना है तो उसे साक्षात्कार के प्रति जिज्ञासा होनी चाहिये। किसी साधक के



मन मे जब आत्मासक्षात्कार प्राप्त करने की मनीषा यानि कि शुद्ध इच्छा जब जाग्रत होती है तो वह सोचता है, मैं कौन हूं ? मेरा इस धरती पर आने का प्रयोजन क्या है? क्या मेरे जीवन का उद्देश्य खाना - पीना, भौतिक सुविधाएं प्राप्त कर आराम से रहना इतने तक ही सीमित है? ऐसे प्रश्न जब साधक के मन में उमड़ पड़ते हैं , तो वह 'स्व' की खोज में निकलता है। उस 'स्व' की प्राप्ति के लिए वो अनेकों साधन करता है। उस स्व को प्राप्त करना जब उसकी प्राथमिकता बनती है तब गुरू उसके ऊपर अपनी कृपा की वर्षा करते हैं।

परमपूज्य श्री माताजी निर्मलादेवी प्रणित सहजयोग में आप गुरूकृपा रूपी इस प्रसाद को ग्रहण कर सकते हैं। ऐसा कहा जाता है कि, '.. Words of sages comes from heaven...इस उक्ति की साक्षात् अनुभूति हम लेते हैं, जब हम श्री माताजी के अमृतवचन अपने सहस्त्रार चक्र से ग्रहण करते हैं | जिस किसी ने आत्मानंद को पाया उसकी सारी बुरी आदतें, व्यसन, अन्य विनाशकारी आदतें सहजयोग से छूट जाती हैं। परमपूज्य श्री माताजी कहते हैं, कुंडलिनी मां साधक को गुरूत्व प्रदान करती हैं । इस स्थिति के बाद साधक सच्चे और झूठे गुरूओं के बीच का अंतर जान सकता है। इस प्रकार जब कोई साधक हर दिन के नियमित ध्यान से गहनता प्राप्त करता है तब वह स्वयं गुरू बन जाता है और दूसरों को इस गुरूपद पर आरोहित कर सकता है। ज्योति से ज्योति जलाने की इस बेला में हमें आत्मविश्वास से श्री माताजी के इस महान विश्व निर्मल धर्म स्थापित करने के स्वप्न को आगे ले जाना है । श्री माताजी कहते हैं, जब मानव में गुरूत्व शक्ति आती है, धर्म जाग्रत होता है, तब छोटे बच्चे भी संत कबीर जैसी सत्यवाणी निर्भयता से बोल सकते हैं। जिस आदमी में गुरूत्व जाग्रत होता है तब उसका माथा उन्नत होता है, चेहरा तेजस्वी और वृत्ति निरासक्त बन जाती है, वह स्वयंप्रकाशित हो जाता है और क्षमाशील भी ।

# स्वामित्व योजना की प्रगति की कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने की विस्तृत समीक्षा




डिंडौर। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में आज कलेक्टर सभाकक्ष में स्वामित्व योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में योजना की प्रगति, रजिस्ट्री की स्थिति तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान स्वामित्व योजना के अंतर्गत रजिस्ट्री की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने योजना से संबंधित लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने और मैदानी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि के अभिलेख तैयार करने तथा पात्र हितग्राहियों को उनकी संपत्ति के अधिकार संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना है। इसके माध्यम से ग्रामीण परिवारों को संपत्ति के स्वामित्व का कानूनी प्रमाण उपलब्ध कराने और संपत्ति संबंधी विवादों के निराकरण में सहायता मिलती है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जे.पी. यादव, वनमंडलाधिकारी श्री अशोक कुमार सोलंकी, एसडीएम शहपुरा श्री फरहान इरफान जामदार, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी श्री रामबाबू देवांगन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव के निवास पर दशहरा मिलन समारोह, देश-प्रदेश से जुटे किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता

खरगोन। विजयादशमी के पावन पर्व के अवसर पर बुधवार 21 अक्टूबर को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मप्र कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव तथा कसरावद विधायक एवं मप्र कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सचिन यादव ने खरगोन, खण्डवा एवं बड़वानी जिलों सहित कसरावद विधानसभा क्षेत्र के परिवारजनों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिकों तथा देश-प्रदेश से पधारे कांग्रेस परिवार के वरिष्ठ सदस्यों से दशहरा मिलन समारोह में आत्मीय भेंट-मुलाकात कर विजयादशमी की शुभकामनाए दी । इस अवसर पर बोरावाँ में सुबह से ही उत्सव और मिलन का माहौल रहा। बड़ी संख्या में पहुंचे क्षेत्रवासियों ने एक-दूसरे को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। समारोह ने सामाजिक सद्भाव, पारिवारिक आत्मीयता और आपसी विश्वास की उस परंपरा को सशक्त किया, जो निमाड़ की सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा है। अरुण यादव एवं सचिन यादव ने सभी आगंतुकों का आत्मीय स्वागत करते हुए पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने परिवारजनों, कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ साथियों के साथ मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान लंबे समय से जुड़े साथियों के बीच आपसी संवाद, स्नेह और अपनत्व देखने को मिला। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कांग्रेसजनों की उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया।

किसानों के साथ किया आत्मीय संवाद-दशहरा मिलन समारोह में श्री यादवद्वय ने क्षेत्र के किसान साथियों से आत्मीय संवाद भी किया। कृषि और किसानों का निमाड़ की अर्थव्यवस्था तथा ग्रामीण जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। किसानों की मेहनत से ही क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली का आधार तैयार होता है। इस अवसर पर किसान परिवारों के साथ मिलकर उनके योगदान, उनकी मेहनत और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति सम्मान व्यक्त किया ।

# मेहंदवानी में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा भव्य गरबा का आयोजन, नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**शिवम प्रजापति**

मेहंदवानी। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मेहंदवानी में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा भव्य गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों, युवाओं तथा बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गरबा कार्यक्रम के दौरान पूरा माहौल भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण नजर आया। मां दुर्गा



की भक्ति और गरबा की धुनों पर थिरकते प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

अनेक टीमों ने दी शानदार प्रस्तुतियां- कार्यक्रम में विभिन्न गरबा टीमों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। संगीत की मधुर धुनों पर ताल से ताल मिलाते प्रतिभागियों को देखकर उपस्थित दर्शक भी उत्साहित नजर आए। हर टीम ने अपने अलग अंदाज, शानदार तालमेल और आकर्षक नृत्य शैली से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों के डांस ने जीता सबका दिल- गरबा कार्यक्रम का सबसे आकर्षक और मनमोहक पहलू नन्हे-मुन्ने बच्चों की नृत्य प्रस्तुतियां रहीं। छोटे-छोटे बच्चों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ मंच पर डांस किया। उनकी मासूम अदाओं, सुंदर नृत्य और शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों की भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। उनकी प्रतिभा और उत्साह को देखकर लोगों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। इस आयोजन ने बच्चों को अपनी कला और प्रतिभा दिखाने का अवसर भी प्रदान किया।

# इंदौर : चंदन नगर पुलिस ने 8.93 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार, 1.40 लाख का मशरूका जब्त

**खुशबू श्रीवास्तव**

## आईटी पार्क सिंहासा के पास खदान क्षेत्र में चेकिंग के दौरान कार्रवाई, सप्लाई नेटवर्क की जांच जारी

इंदौर। शहर में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चंदन नगर थाना पुलिस ने एक आरोपी को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8.93 ग्राम ब्राउन शुगर, जिसकी अनुमानित कीमत 90 हजार रुपये बताई गई है, बरामद की। इसके अलावा परिवहन में इस्तेमाल की जा रही हीरो स्मार्ट मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। जब्त मादक पदार्थ और मोटरसाइकिल



की कुल कीमत करीब 1 लाख 40 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, 18 अक्टूबर 2026 को आईटी पार्क सिंहासा के पास खदान क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल पर बैठे एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली गई। इस दौरान उसके कब्जे से 8.93 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी की पहचान विकास चौधरी (30 वर्ष), निवासी पंचमूर्ति नगर, इंदौर के रूप में की है। मामले में थाना चंदन नगर में अपराध क्रमांक 1243/2026 के तहत धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने मोटरसाइकिल क्रमांक MP09VL7537 भी जब्त की है।

### सप्लाई नेटवर्क की तलाश में पूछताछ

पुलिस के मुताबिक, आरोपी का रिमांड प्राप्त कर मादक पदार्थ के स्रोत, खरीद-बिक्री और परिवहन के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि ब्राउन शुगर कहां से लाई गई थी और इस कारोबार में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हो सकते हैं। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई विवेचना में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देश, पुलिस उपायुक्त जोन-4 नरेंद्र रावत के निर्देशन तथा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई।

कार्रवाई में इनकी रही भूमिकाः थाना प्रभारी निरीक्षक तिलक कारोले, उपनिरीक्षक मनोज सिंह भदौरिया, उपनिरीक्षक साबिर मंसूरी, प्रधान आरक्षक अनिल तथा आरक्षक धीरज, अखिलेश मेड़ा और रविन्द्र रावत शामिल रहे।




**कोरबा मां दुर्गा का नौ दिनों तक विधि विधान से पूजा पाठ कर विसर्जन किया गया नदी घाट में बालको नगर ग्राम बेला कछार क्वार नवरात्री पर्व के समापन पर दुर्गा पंडालन में विराजित माता को विदाई दी इसके बाद नदी में माता की मूर्ति का विसर्जन किया गया मंगलवार को बेला कछार बालको नगर के देवी मां को गाजे ,बाजे के साथ भक्तों ने किया विसर्जन उमिका साहू ,ज्योत्सना साहू, राकेश साहू, रेखा साहू, राघव साहू,भवानी साहू, सुशीला पटेल, माधव पटेल, गोपाल महंत, राजू यादव,लक्ष्मण महंत, नीलू पटेल, शोभा पटेल, सुधा पटेल, मोगरा पटेल, सुनीता देवांगन, अन्य उपस्थित थे।**

# परम विहार भव्य नवरात्रि गरबा महोत्सव का आयोजन

**इंदौर परम विहार अखिल भारतीय शहीद सम्मान समिति के तत्वावधान में भव्य नवरात्रि गरबा महोत्सव-2026 का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर समिति द्वारा स्व. भगवान सिंह जी गुर्जर की स्मृति में एक विशेष 'स्मृति चिह्न' जारी कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि एवं सम्मान अर्पित किया गया।**

महोत्सव के दौरान धार्मिक परंपराओं के साथ सामाजिक समरसता की अनूठी झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्व. भगवान सिंह जी की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के साथ-साथ समाज में सांस्कृतिक मूल्यों और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देना रहा। दिग्गज नेताओं व समाजसेवियों की रही गरिमामयी उपस्थिति इस आयोजन के मुख्य संरक्षक विधायक श्री मधु वर्मा एवं भाजपा के पूर्व अध्यक्ष श्री रवि रावलिया रहे। कार्यक्रम के संयोजन की जिम्मेदारी सोनू गुर्जर पहलवान एवं रवि गुर्जर ने संभाली, जबकि संपूर्ण आयोजन का कुशल नेतृत्व मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष गोविंद गुर्जर पहलवान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भाजपा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा, एनर्जी हॉस्पिटल के संचालक Dr. रवि वर्मा, धर्मेंद्र जाट, रवि गुर्जर, योगेश गुर्जर, राजकुमार पहलवान मनोहर गुर्जर सहित क्षेत्र के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रावण दहन, बालिकाओं को उपहार और विशाल भंडारा गरबा महोत्सव के साथ-साथ अन्य धार्मिक आयोजन भी संपन्न हुएः कन्या पूजन व उपहारः गरबा में हिस्सा लेने वाली छोटी-छोटी बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें विशेष उपहार भेंट किए गए। रावण दहनः असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक स्वरूप रावण दहन का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।

# ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर सड़कों पर उतरी कांग्रेस, पुतला फूंककर जताया आक्रोश

**धर्मेन्द्र गुप्ता**

**गांधी प्रतिमा नीमताल से माधवगंज तक निकली वाहन रैली, 'वोट चोरी' और लोकतंत्र की हत्या के लगाए आरोप**

विदिशा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर नगर कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया , जिसके तहत गांधी प्रतिमा नीमताल से नगर कांग्रेस ने वाहन रैली निकाली जो मुख्य मार्ग से होती हुई माधवगंज चौराहे पर पहुंची, जहां नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंककर अपना आक्रोश जाहिर किया। पुतला दहन करते वक्त पुलिस ने फायर ब्रगेड से पानी की बौछार मार कर कार्यकर्ताओं को रोका गया, उसके पहले ही कार्यकर्ताओं ने पुतले में आग लगा दी, वही पीछे से दूसरा पुतला लेकर नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू व कांग्रेस प्रवक्ता सुशील शर्मा ने पुतला को आग के हवाले कर दिया, जब तक पुलिस पुतला छीन पाती पुतला को आग के हवाले कर दिया, एवं जमकर नारेवाजी करते हुए प्रदर्शन किया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने ने चुनाव आयोग और केंद्र की भाजपा सरकार के कथित संबंधों को लेकर भी तीखे सवाल उठाए श्री रघुवंशी ने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त के बचाव में पूरी भाजपा सरकार खड़ी नजर आती है,उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, "आखिर यह रिश्ता क्या कहलाता है नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने आरोप लगाया कि जिस संवैधानिक संस्था पर निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी है, उसी की कार्यप्रणाली को लेकर जनता के मन में संदेह पैदा होना लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। वरिष्ठ नेता महेंद्र वर्मा ने कहा कि जब तक ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नहीं होता हमारा संघर्ष तेज होता जाएगा, गांधी प्रतिमा नीमताल से निकली वाहन रैली में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य मार्ग पर प्रदर्शन करते हुए माधवगंज चौराहे पर पहुंचकर पुतला दहन किया इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू,महेन्द्र वर्मा, सुशील शर्मा, प्रवीण बसिया,नीतू सिंह राजपूत, सुजीत देवालिया,राजीव पीतलिया , बृजेन्द्र वर्मा, संगीत चंद्रवलकर , रामराज सिंह ,दांगी, राजकुमार पासी, संजय यादव, मनोज कुशवाहा, अनिल यादव, बंटी सक्सैना,थान सिंह कुशवाहा, डॉ. निशीथ मिश्रा, सुनील शर्मा, जीवन सिंह सेन,पर्वत गौण, बाबू पाल, जावेद मंसूरी, जवाहर कुशवाह,राजू यादव,अनिल शर्मा, संतोष चिढ़ार, अशोक अग्रवाल, जय शर्मा, संजू शर्मा, राधेलाल कुशवाहा, नर्बदा अहिरवार , देव साहू, मनोज साहू,अनुज चतुर्वेदी, रामचरण अहिरवार, सुजल शर्मा ,आदि।

# पुष्प ब्रांड को हाईकोर्ट से झटका, कमर्शियल कोर्ट का एकतरफा आदेश निरस्त

**कॉपी-पेस्ट और यांत्रिक तरीके से आदेश पारित करने पर हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी, संबंधित न्यायिक अधिकारी के आचरण की प्रशासनिक स्तर पर समीक्षा के संकेत**

**राजेश धाकड़**

इंदौर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने ट्रेडमार्क और कॉपीराइट विवाद से जुड़े एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए इंदौर की कमर्शियल कोर्ट द्वारा पारित एकतरफा अंतरिम निषेधाज्ञा एवं जब्ती संबंधी आदेश को निरस्त कर दिया। न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर और न्यायमूर्ति जय कुमार पिल्लई की युगलपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान निचली अदालत की कार्यप्रणाली पर गंभीर टिप्पणियां करते हुए कहा कि तथ्यों का समुचित परीक्षण किए बिना यांत्रिक तरीके से आदेश पारित करना न्यायिक प्रक्रिया में स्वीकार्य नहीं है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले के पैरा 12 में संबंधित न्यायिक अधिकारी के आचरण के पहलू पर प्रशासनिक स्तर पर विचार किए जाने की संभावना भी व्यक्त की है। इस मामले में याचिकाकर्ता 'जैन का पुष्पा मसाला' के प्रोपराइटर पुष्पेंद्र कुमार जैन की ओर से अधिवक्ता सागर चौबे और अधिवक्ता सिद्धार्थ शुक्ला ने पैरवी की। याचिकाकर्ता की ओर से उठाई गई प्रक्रियागत आपत्तियों पर विचार करते हुए हाईकोर्ट ने 22 जून 2026 को कमर्शियल कोर्ट द्वारा पारित आदेश को निरस्त कर दिया।

### क्या है पूरा मामला?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुष्प ब्रांड इंडिया लिमिटेड ने 'जैन का पुष्पा मसाला' के खिलाफ ट्रेडमार्क एवं कॉपीराइट उल्लंघन का आरोप लगाते हुए इंदौर की कमर्शियल कोर्ट में वाणिज्यिक वाद दायर किया था। मामले में कमर्शियल कोर्ट ने 22 जून 2026 को एकतरफा अंतरिम आदेश पारित करते हुए लोकल कमिश्नर नियुक्त किया था। साथ ही संबंधित उत्पादों की जब्ती और उनकी बिक्री पर रोक लगाने संबंधी निर्देश दिए गए थे। इस आदेश से प्रभावित होकर जैन का पुष्पा मसाला की ओर से हाईकोर्ट में विविध याचिका क्रमांक 4795/2026 दायर की गई। याचिका में निचली अदालत द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया और आदेश पारित करने के तरीके पर सवाल उठाए गए थे।


अधिवक्ता विशाल चौबे

### अधिवक्ता सागर चौबे ने उठाए प्रक्रियागत सवाल

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सागर चौबे ने हाईकोर्ट के समक्ष दलील दी कि बिना प्रभावित पक्ष को सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिए और एकतरफा आदेश पारित करने के लिए आवश्यक कारणों को समुचित रूप से दर्ज किए बिना कठोर कार्रवाई के निर्देश देना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। उन्होंने यह भी बताया कि सिविल प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) के आदेश 39 नियम 3ए के अनुसार, एकतरफा निषेधाज्ञा जारी होने की स्थिति में आवेदन का यथासंभव शीघ्र और सामान्यतः 30 दिनों के भीतर निराकरण करने का प्रयास किया जाना चाहिए। इसके बावजूद कमर्शियल कोर्ट ने 22 जून 2026 को आदेश पारित करने के बाद अगली तारीख 18 अगस्त 2026 निर्धारित की थी। याचिकाकर्ता की ओर से इस समयांतराल को भी प्रक्रियागत अनियमितता के रूप में उठाया गया। अधिवक्ता चौबे ने यह मुद्दा भी उठाया कि संबंधित न्यायिक अधिकारी द्वारा पूर्व में नायरा चॉकलेट्स मामले में भी इसी तरह का आदेश पारित किया गया था, जिस पर हाईकोर्ट ने आपत्ति जताई थी।

### पैरा 12 में प्रशासनिक समीक्षा का उल्लेख

मामले में हाईकोर्ट की सबसे महत्वपूर्ण टिप्पणी फैसले के पैरा 12 में सामने आई। खंडपीठ ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय ए. वेंकटसुब्बैया नायडू बनाम एस. चेल्लप्पन का उल्लेख करते हुए कहा कि त्रुटिपूर्ण आदेश पारित करने वाले न्यायिक अधिकारियों के संबंध में प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई के पहलू पर विचार किया जा सकता है। हाईकोर्ट ने संबंधित अधिकारी की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) में प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज करने का न्यायिक आदेश पारित करने से फिलहाल परहेज किया, लेकिन स्पष्ट किया कि इस पहलू पर प्रशासनिक स्तर पर विचार किया जा सकता है। इस टिप्पणी को मामले में न्यायिक प्रक्रिया के पालन और निचली अदालतों की जवाबदेही के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### हाईकोर्ट ने निरस्त किया आदेश

**खंडपीठ ने मामले में निचली अदालत द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए एकतरफा आदेश पारित करने में आवश्यक सावधानियों और कानूनी प्रावधानों के पालन पर जोर दिया। हाईकोर्ट ने अपनी पर्यवेक्षी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए 22 जून 2026 के कमर्शियल कोर्ट के आदेश को निरस्त कर याचिका स्वीकार कर ली।**

इस फैसले से 'जैन का पुष्पा मसाला' के प्रोपराइटर पुष्पेंद्र कुमार जैन को राहत मिली है। वहीं, हाईकोर्ट की टिप्पणियों ने एकतरफा निषेधाज्ञा जारी करने के दौरान कानूनी प्रक्रिया, तथ्यों के परीक्षण और न्यायिक विवेक के उचित इस्तेमाल के महत्व को फिर रेखांकित किया है।




## सिंगरौली में 109 कलशों का भव्य विसर्जन, जयकारों से गूंजा नौगढ़; भाजपा जिला अध्यक्ष यात्रा में हुए शामिल

सिंगरौली। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 45, नौगढ़ में आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला। कन्वेयर बेल्ट के समीप स्थित वीरभद्र धाम मंदिर में स्थापित *109 कलशों का भव्य विसर्जन* सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में भाजपा जिला अध्यक्ष भी विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। वीरभद्र धाम मंदिर में जय मां काली सेवा समिति के अध्यक्ष संत बाबा लालचंद जी के नेतृत्व में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि के दौरान 109 कलशों की स्थापना विधि-विधान के साथ की गई थी। नवरात्रि के समापन पर श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ कलश विसर्जन किया। इस दौरान पूरा क्षेत्र माता रानी के जयकारों से भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। भक्ति और उत्साह के बीच निकली विसर्जन यात्रा कलश विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। धार्मिक आस्था और परंपरा के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम में भक्तों ने माता रानी से सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। भाजपा जिला अध्यक्ष की उपस्थिति ने भी आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया। कलश विसर्जन के पश्चात मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण किया। पूरे मंदिर परिसर में सेवा, समर्पण और भक्ति का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। जय मां काली सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा, सामाजिक समरसता और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक बना।

# प्रदेश में अभी 71,930 मतदान केंद्र: मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

## सीईओ मीटिंग में कांग्रेस से धनोपिया बोले- फार्म में स्पष्ट हो, नए मतदाता शिफ्टेड हैं या न्यू

**भोपाल (नप्र)।** भोपाल में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) को लेकर बुधवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में राजनीतिक दलों के साथ बैठक हुई। इसमें कांग्रेस ने फार्म-6 में नए मतदाताओं की कैटेगरी स्पष्ट नहीं होने पर आपत्ति जताई। कांग्रेस के चुनाव सेल प्रभारी जेपी धनोपिया ने सवाल उठाया कि फार्म में यह स्पष्ट होना चाहिए कि मतदाता शिफ्टेड है, एबसेंट है या पहली बार 18 साल की उम्र में वोटर बन रहा है।

बैठक में कांग्रेस ने नई कॉलोनियों में मकानों के नंबर दर्ज करने में होने वाली गड़बड़ियों का मुद्दा भी उठाया। वहीं, भाजपा ने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति को लेकर अपनी बात रखी।

### फार्म-6 में कैटेगरी स्पष्ट करने की मांग

बैठक में जेपी धनोपिया ने कहा कि फार्म-6 में केवल नए मतदाता लिखा है। इसमें यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि नए मतदाता किस श्रेणी के हैं। उनकी पहचान शिफ्टेड वोटर, एबसेंट वोटर या 18 साल की उम्र पूरी करने वाले पहली बार के मतदाता के रूप में होगी, यह बताने के लिए फार्म में अलग कॉलम होना चाहिए। इससे राजनीतिक दलों को पता चल सकेगा कि मतदाता सूची में किस तरह के नए मतदाता जुड़े हैं।




धनोपिया ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त की गलतियां छिपाने के बजाय आयोग को पारदर्शी व्यवस्था रखनी चाहिए। बताया गया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उनकी आपत्तियों का समाधान कर पाने में असमर्थता जताई। उन्होंने कहा कि वे धनोपिया की बात आयोग तक पहुंचा सकते हैं। इस पर धनोपिया ने उनकी आपत्तियां आयोग तक पहुंचाने और फार्म में सुधार करने की मांग की।

### नई कॉलोनियों में मकानों के नंबर का मुद्दा

कांग्रेस ने बैठक में यह भी कहा कि बड़े शहरों में नई कॉलोनियां बन रही हैं, जहां कई मकानों के नंबर नहीं होते। ऐसे में बूथ लेवल ऑफिसर अपनी मर्जी से कोई भी नंबर दर्ज कर देते हैं, जिससे गड़बड़ी होती है। कांग्रेस ने चुनावी प्रक्रिया के दौरान इस व्यवस्था में सुधार करने की मांग की। वहीं, भाजपा ने बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति को लेकर अपनी बात रखी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में बताया कि प्रदेश में अभी 71,930 मतदान केंद्र हैं। जिलों को मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण करने के लिए कहा गया है। जरूरत होने पर मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव भी भेजे जा सकते हैं। बैठक में बताया गया कि मतदान केंद्र दो किलोमीटर की परिधि में या आयोग की ओर से तय मापदंडों के आधार पर बनाए जाते हैं। राजनीतिक दलों को आयोग के अधिकारियों ने मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की जानकारी भी दी।

# भोपाल में कुत्ते ने बच्चे को घर में घुसकर नोंचा

## 8 साल के इब्राहिम के चेहरे की सर्जरी हुई, 5 दिन में 15 लोगों को काटा

**भोपाल (नप्र)।** भोपाल के शाहजहांनाबाद स्थित नूर महल लाल मस्जिद रोड पर आवारा कुत्तों ने 8 साल के बच्चे का मुंह नोंच लिया। इससे उसकी सर्जरी करना पड़ी। बच्चा पिछले 5 दिनों से हमीदिया अस्पताल में भर्ती है। वार्ड-9 के लाल मस्जिद रोड पर पिछले 5 दिनों में कुत्ते 15 से ज्यादा लोगों को शिकार बना चुके हैं। इनमें आठ वर्षीय इब्राहिम भी शामिल हैं। 16 अक्टूबर को एक आवारा कुत्ते ने इब्राहिम को घर में घुसकर काट लिया था। इसके बाद उसके चेहरे पर गंभीर घाव हो गए थे। आनन-फानन में परिजन उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसकी सर्जरी की गई। मामा फैजान ने बताया कि कुत्ते ने इब्राहिम के चेहरे पर चार जगह पर काट लिया। इसके बाद उसकी सर्जरी की गई।

### पांच दिन से गंभीर हालत में बच्चा

परिजनों ने बताया कि पांच दिन से बच्चे की हालत गंभीर है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामा फैजान ने बताया, डॉक्टरों ने कहा है कि इस सर्जरी से इब्राहिम ठीक हो जाएगा। यदि नहीं होता है तो दोबारा सर्जरी करना पड़ेगी।

**बच्चों के पीछे लगते हैं कुत्ते, कई बार हुई शिकायत-** रहवासी मोहम्मद अली ने बताया कि इलाके में कुत्तों से बहुत परेशानी है। सुबह नमाज के लिए जब घर से मस्जिद जाते हैं तो कुत्ते पीछे पड़ जाते हैं। इससे बार-बार बचकर निकलना पड़ता है। शिकायत करने के बाद भी कुत्तों को नहीं हटाया गया है।वासिद खान ने बताया कि बच्चों के स्कूल आने-जाने में परेशानी हो रही है। नगर निगम को यहां से कुत्तों को हटाना चाहिए।

**झुंड में 50 से ज्यादा कुत्ते-** रहवासी इब्राहिम अली दाऊदी ने बताया कि इलाके में कई आवारा कुत्तों का झुंड घूम रहा है। इनकी संख्या 50 से ज्यादा है।

# मप्र के पेंशनर्स को कैशलेस इलाज का इंतजार

## सीएम को पत्र लिखकर कहा- बुढ़ापे में बीमारियों से जूझ रहे, महंगा इलाज उठाना मुश्किल

**भोपाल (नप्र)।** जीवन भर जिस सरकार की सेवा में दिन-रात एक किया और अपनी ड्यूटी के लिए घर-परिवार की अनदेखी तक कर दी, वही सरकार अब बुढ़ापे में बीमार पेंशनर्स का ख्याल नहीं रख रही है।

यह कहना है, राज्य सरकार की कैशलेस हेल्थ स्कीम का इंतजार कर रहे पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आमोद सक्सेना का। उन्होंने यह योजना लागू करने के लिए एसोसिएशन की ओर से मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव (वित्त) एवं प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर मानवीय आधार पर प्रदेश के बुजुर्ग पेंशनर्स के लिए योजना शीघ्र लागू करने की मांग की है।

**सीमित पेंशन में महंगा इलाज कराना मुश्किल-** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आमोद सक्सेना ने कहा कि प्रदेश के वृद्ध पेंशनर्स के स्वास्थ्य हितों को ध्यान में रखते हुए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने के संबंध में शीघ्र ठोस निर्णय लेने की जरूरत है। सक्सेना ने बताया कि पेंशनर वह वर्ग है, जिसने अपने जीवन का स्वर्णिम समय प्रदेश और देश की सेवा में समर्पित किया है। सेवानिवृत्ति के बाद सीमित पेंशन पर जीवनयापन करने वाले अनेक बुजुर्ग पेंशनर्स हृदय, किडनी तथा अन्य दीर्घकालिक गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। ऐसी स्थिति में महंगे इलाज, नियमित जांच और



अस्पताल में भर्ती होने आदि का खर्च उठाना उनके लिए अत्यंत कठिन है। पर्याप्त चिकित्सा सुविधा एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध नहीं होने के कारण पेंशनर्स को कर्ज लेने सहित अपनी संपत्ति बेचने की विवशता उत्पन्न हो जाती है। आर्थिक अभाव के कारण पेंशनर्स का समुचित और पर्याप्त उपचार से वंचित रहना अत्यंत पीड़ादायक है।

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आमोद सक्सेना ने लिखा पत्र-

**सरकार को चिकित्सा सुविधा दिलाना चाहिए-** एसोसिएशन के संरक्षक गणेश दत्त जोशी ने कहा कि वृद्धावस्था में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सम्मानजनक जीवन की बुनियादी आवश्यकता है। जिन कर्मचारियों ने अपनी सेवाओं के माध्यम से शासन की व्यवस्थाओं को मजबूत बनाया, उनके जीवन के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर सरकार का दायित्व है कि उन्हें समय पर सुलभ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की प्रभावी व्यवस्था करें।

**किसी पेंशनर के इलाज में देरी न हो-** एसोसिएशन के भोपाल जिलाध्यक्ष सुरेश शर्मा ने कहा कि गंभीर बीमारी की स्थिति में तत्काल उपचार अत्यंत आवश्यक होता है। आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण किसी पेंशनर के इलाज में देरी न हो और उसे अपनी बीमारी के उपचार के लिए कर्ज लेने अथवा परिवार पर असहनीय बोझ डालने के लिए मजबूर न होना पड़े।

# 268 करोड़ का जेट भोपाल आते-आते पड़ा 350 करोड़ का



## 882 किमी प्रति घंटे की है रफ्तार, बिना रुके जा सकता है सिंगापुर

**भोपाल (नप्र)।** मध्य प्रदेश सरकार का नया और अत्याधुनिक जेट विमान 'बॉम्बार्डियर चैलेंजर-3500' आखिरकार भोपाल के स्टेट हैंगर पर पहुंच गया है। कनाडा के टोरंटो शहर से उड़ान भरकर यह विमान जापान और बैंकॉक के रास्ते सोमवार को दिल्ली पहुंचा था, जिसके बाद इसे सुरक्षित भोपाल लाया गया। इस नए सरकारी विमान के आने से राज्य के विमानन बेड़े को बड़ी मजबूती मिली है।

**350 करोड़ पहुंच गई कीमत-** इस हाई-टेक विमान की खरीद और लागत को लेकर भी आंकड़े सामने आए हैं। विमान की मूल कीमत 268 करोड़ रुपये थी, लेकिन टैक्स, बीमा और शानदार इंटीरियर समेत इसकी कुल लागत बढ़कर लगभग 350 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। यानी इस पूरी प्रक्रिया में अतिरिक्त टैक्स और कस्टमाइजेशन पर करीब 82 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।

### 45 दिन बाद शुरू होगी नियमित उड़ान

विमानन संचालक चंद्रमौलि शुक्ला के मुताबिक, इस नए विमान की नियमित उड़ानेंशुरू होने में अभी लगभग 45 दिन का समय लगेगा। इस दौरान नागरिक उड्डयन महानिदेशालय की एक तकनीकी टीम भोपाल आएगी, जो विमान की तकनीकी जांच और सभी जरूरी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करेगी।

**एक साल रहेगा कंपनी का पायलट-** सुरक्षा और संचालन को देखते हुए निर्माता कंपनी के साथ हुए अनुबंध के तहत शुरुआती एक साल तक मुख्य पायलट कंपनी की ओर से ही उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, मध्य प्रदेश सरकार के दोनों पायलट उनके साथ सहायक (को-पायलट) की भूमिका में रहकर अनुभव प्राप्त करेंगे।

### क्या हैं इस आधुनिक जेट की खासियतें?

वर्ष 2026 में निर्मित यह दो इंजन वाला आधुनिक विमान कई बेहतरीन खूबियों से लैस है-

**क्षमता और रेंज:** इसमें क्रू मेंबर समेत कुल 10 लोगों के बैठने की क्षमता है। यह विमान बिना ईंधन भरे एक बार में 6,297 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है। इसकी मदद से बिना रुके भोपाल से सिंगापुर (करीब 4,100 किमी दूर) आसानी से सफर किया जा सकता है।

**रफ्तार और ऊंचाई-** यह अधिकतम 35,000 फीट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है। इसकी अधिकतम रफ्तार 882 किलोमीटर प्रति घंटा है, यानी यह अपनी टॉप स्पीड पर भोपाल से दिल्ली की दूरी महज 40 मिनट में तय करने की क्षमता रखता है।

**खास तकनीक-** इस विमान का केबिन पूरी तरह से आवाज से नियंत्रित होता है, जो आधुनिकता के लिहाज से इसे बेहद खास बनाता है।

# इंदौर में भीड़ में फंसा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का काफिला, 150 मीटर पैदल चलना पड़ा

## विजय नगर में रावण दहन कार्यक्रम के दौरान आधे घंटे तक नहीं मिला रास्ता, मंच से पुलिस को व्यवस्था सुधारने की नसीहत दी

**इंदौर।** विजय नगर में रावण दहन कार्यक्रम के दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विधायक रमेश मेंदोला का काफिला करीब आधे घंटे तक भीड़ में फंसा रहा। रास्ता नहीं मिलने पर दोनों को गाड़ी से उतरकर पैदल कार्यक्रम स्थल तक जाना पड़ा। सुरक्षाकर्मी उन्हें सुरक्षा घेरे में करीब 150 मीटर तक पैदल लेकर पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद मंत्री विजयवर्गीय ने मंच से पुलिस अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि बड़े आयोजनों में रास्ता खुला रखना जरूरी है, ताकि आपात स्थिति में एंबुलेंस सहित अन्य वाहनों को निकलने में परेशानी न हो। दरअसल, विजय नगर में रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। भीड़ के कारण सड़क पर लोगों और वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। इसी दौरान मंत्री और विधायक का काफिला भी आगे नहीं बढ़ पाया। काफी देर तक रास्ता खुलने का इंतजार करने के बाद दोनों को गाड़ियों से उतरकर पैदल जाने का फैसला करना पड़ा। इस घटना ने बड़े आयोजनों में भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था पर




सवाल खड़े कर दिए।

**पांच मिनट तक व्यवस्था पर बोले मंत्री-** कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद विजयवर्गीय ने अपने संबोधन में करीब पांच मिनट तक पुलिस अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि इस बार कार्यक्रम में काफी भीड़ है, लेकिन उसके अनुरूप इंतजाम नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि रास्ते में इतनी जगह जरूर होनी चाहिए कि जरूरत पड़ने पर वाहन आसानी से निकल सकें और एंबुलेंस को रास्ता मिल सके। गौरतलब है कि कार्यक्रम में रावण दहन करीब ढाई मिनट में पूरा हो गया, जबकि मंत्री ने मंच से लगभग पांच मिनट तक व्यवस्था को लेकर अपनी बात रखी।

**नशे को बताया असली रावण-** मंत्री विजयवर्गीय ने अपने संबोधन में बच्चों और युवाओं से नशे तथा हर तरह के ड्रग्स से दूर रहने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि नशे जैसी बुराइयों से दूर रहना जरूरी है। ऐसी बुराइयों को ही असली रावण मानकर उनसे मुक्ति पाने का संकल्प लेना चाहिए।

## शहर में त्योहारों पर बढ़ेगा कचरा, निपटान के लिए निगम ने बनाया एक्शन प्लान




**इन्दौर।** आने वाले त्योहारों के दौरान शहर में भारी मात्रा कचरा शहर की सड़कों के साथ ही कालोनियों की गली में नजर आएगा। इसी के मद्देनजर नगर निगम ने उसके व्यवस्थित संग्रहण, परिवहन और निपटान के लिए एक्शन प्लान तैयार किया है। सबसे बड़े त्यौहार दिपावली के मौके पर घरों के साथ ही दुकान, व्यवसायिक संस्थान और अन्य संस्थानों पर सफ़ाई सफाई जाती है। जिसके चलते भारी मात्रा में कचरा निकलता है। वही दीपावली के मौके पर फोड़े जाने वाले पटाखों की वजह से भी टनो से कचरा जाम होता है। कचरों के एकत्रीकरण, परिवहन और इसके निपटान के लिए नजर निगम ने अभी से तैयारी तेज करदी है। जिम्मेदार अफसरों को निर्देशित किया गया है कि त्योहारों के दौरान निकलने वाले अतिरिक्त कचरे के संग्रहण और परिवहन से लेकर उसके अंतिम निपटान तक की व्यवस्था प्रभावी रखी जाए। निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने अफसरों के साथ ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित सीएंडडी प्रोसेसिंग प्लांट, नेप्रा और बायो-सीएनजी प्लांट का निरीक्षण कर वहां संचालित कचरे के निपटान कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अफसरों से प्लांटों की कार्यप्रणाली और कचरे के निपटान की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने त्योहारों के दौरान कचरे का दबाव बढ़ने की स्थिति में इन केंद्रों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि त्योहारों के दौरान बाजारों, प्रमुख मार्गों और आवासीय क्षेत्रों में कचरे की मात्रा बढ़ जाती है। ऐसे में नगर निगम के सामने कचरे का नियमित उठाव करने के साथ उसके परिवहन और वैज्ञानिक तरीके से निपटान की चुनौती भी रहती है।

## पटाखा व्यापारी पर कलेक्टर की सख्त कार्रवाई : रास्ता रोककर रखे थे पटाखे, लाइसेंस निरस्त

### अग्निशमन वाहन के निकलने तक की जगह नहीं छोड़ी, सुरक्षा मानकों की भी अनदेखी; दो दिन में हटाना होगा पटाखा स्टॉक

**इंदौर।** कलेक्टर ने परमिशन देने के साथ ही सख्त चेतावनी दी थी कि किसी भी सूरत में नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। और उस पर अमल करते हुए जितेंद्र कुमार बांगेचा के पटाखे का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। उक्त व्यापारी ने पटाखों के बॉक्स को गली के रास्ते में रखा हुआ था जिससे आने जाने वालों की राह बंद हो गई थी और बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। पटाखों के भंडारण में सुरक्षा नियमों की अनदेखी और आम रास्ते पर अवरोध पैदा करने के मामले में कलेक्टर शिवम वर्मा ने पिगडंबर स्थित पटाखा लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया। जांच में सामने आया कि पटाखों के बॉक्स रास्ते में रखे हुए थे जिससे लोगो को आने जाने में परेशानी हो रही थी। हालात ऐसे थे कि दुर्घटना होने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी के आने-जाने में भी परेशानी हो सकती थी। थाना किशनगंज क्षेत्र के ग्राम पिगडंबर में सर्वे नंबर 350 स्थित जितेश पिता मोहनलाल बांगेचा के परिसर में गली की सड़क पर पटाखों के बॉक्स रखे हुए थे। मिली शिकायत में जांच के दौरान पाया गया कि मुख्य मार्ग से करीब 250 फीट अंदर स्थित परिसर में आने-जाने के गलीनुमा रास्ते पर पटाखे रखकर रास्ता बाधित किया गया था। परिसर में अग्नि सुरक्षा के इंतजाम भी पर्याप्त नहीं थे। जांच में विस्फोटक नियम-2008 और लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन सामने आने के बाद कलेक्टर ने नियम-118 के तहत लाइसेंस निरस्त करने का आदेश जारी किया। साथ ही परिसर में रखी पटाखा सामग्री को दो दिन के भीतर नियमानुसार हटाने के निर्देश दिए हैं। पटाखों के भंडारण में लापरवाही आग लगने या विस्फोट की स्थिति में गंभीर खतरा पैदा कर सकती है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जनसुरक्षा और अग्नि सुरक्षा के नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## दशहरे पर अपनों के बीच मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, बोले- मेरे रिश्ते पीढ़ी दर पीढ़ी चलते हैं

### निवास पर सुबह से लगा बधाई देने वालों का तांता, बोले- त्योहारों पर अपनों से मिलना और पुराने रिश्तों को मजबूत करना अच्छा लगता है

**इंदौर।** विजयादशमी के पावन पर्व पर प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने इंदौर स्थित निवास पर शहर के नागरिकों, भाजपा कार्यकर्ताओं, पुराने सहयोगियों और शुभचिंतकों से मुलाकात की। सुबह से ही उनके निवास पर दशहरे की शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए विजयवर्गीय भावुक नजर आए। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि आज सत्य की जीत हुई है और वे अपना 82वां दशहरा अपनों के बीच मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूरा दिन लोगों से मिलने, उन्हें बधाई देने और उनका



हालचाल जानने में बीता। वे पिछले तीन से चार दशकों से इसी तरह लोगों से जुड़े हुए हैं और संबंध निभाते आ रहे हैं। उनके लिए रिश्तों की खासियत यही है कि एक बार जुड़ने के बाद वे जीवनभर कायम रहते हैं। उन्होंने नगर निगम के पूर्व अधिकारी जीआर दुबे का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्हें सेवानिवृत्त हुए 25 साल हो चुके हैं, लेकिन वे आज भी हर साल दशहरे पर मिलने आते हैं। कई लोग ऐसे हैं, जिनके पिता पहले उनसे मिलने आते थे और अब उनके बच्चे अपने परिवार के साथ आते हैं। यह अपनापन और प्यार उनके लिए सौभाग्य की बात है। विजयवर्गीय ने कहा कि त्योहारों पर सभी लोग अपने कामकाज से समय निकालकर एक जगह मिलते हैं। इसलिए वे हमेशा कोशिश करते हैं कि होली, दिवाली और दशहरे जैसे प्रमुख त्योहारों पर इंदौर में अपने घर पर रहें, ताकि अपनों से मुलाकात हो सके और पुराने रिश्ते मजबूत बने रहें। अंत में उन्होंने शहरवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं।

## कलेक्टर ने की राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा, स्वामित्व योजना, लंबित

सिंगरौली/ कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने तथा शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वामित्व योजना, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों, सीमांकन प्रकरणों, कानून-व्यवस्था एवं जनगणना-2027 की तैयारियों की समीक्षा की गई ।कलेक्टर ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत ड्रोन सर्वे के आधार पर रजिस्ट्री की कार्यवाही पूर्ण करने तथा पात्र हितग्राहियों की ई-केवाईसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलदारों को अपने क्षेत्र के पटवारियों एवं राजस्व निरीक्षकों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित कर कार्यों की प्रगति की निगरानी करने को कहा। कलेक्टर ने बताया कि वे स्वयं भी शीघ्र क्षेत्र भ्रमण कर योजना के क्रियान्वयन एवं पटवारियों के कार्यों का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना के कार्यों में लापरवाही न हो तथा पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ समय पर मिले।